जिला कलेक्टर
श्रीगंगानगर

मुन्तकिली प्रकरण सं0 97/2016 1–कालूराम उर्फ छबीलचन्द जाति नायक निवासी 3वी हाल 22 जीबी तह0 विजयनगर 2–तीजादेवी 3–रामप्यारी बनाम 1–उपखण्ड मजि0 श्रीकरनपुर 2–मुन्शीराम पुत्र पतराम जाति नायक नि0 8 एस तह0 श्रीकरनपुर 2–अमरचंद पुत्र मुन्शीराम जाति नायक नि0 8 एस तह0 श्रीकरनपुर 4–वेदप्रकाश 5–पिरथीराज 6–हरीराम 7–रम्प्रताप 8–परमेश्वरीदेवी 9–रोशनी वगैरा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

A3

11.10.2017

प्रार्थीगण के अभिभाषक श्री रोहताष महेन्द्रा उपस्थित है। अप्रार्थी अमरचंद, वेदप्रकश के अभिभाषक श्री सुरेन्द्र सिंह भनोत उपस्थित है। उनकी बहस सुनी गई एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।

प्रार्थीगण के अभिभाषक का कथन है कि प्रार्थीगण द्वारा न्यायालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट, श्रीकरनपुर में लंबित फौजदारी प्रकरण सं0 8/2013 अनवानी स्टेट बनाम कालूराम आदि धारा 145 द.प्र.स. में निष्पक्ष न्याय न मिलने की संभावना व्यक्त कर अन्यत्र सक्ष्म न्यायालय में मुन्तकिल करवाने के लिए यह मुन्तकिली प्रा0 पत्र अन्तर्गत धारा 411 द.प्र.सं. के तहत पेश किया गया है और अब प्रार्थीगण इस मुन्तकिली प्रा0 पत्र पर कोई कार्यवाही नही चाहते है अर्थात नॉट प्रैस करते है। अतः यह मुन्तकिली प्रा0 पत्र इसी आधार पर खारिज किया जाता है तो उन्हें कोई आपति नही है।

अप्रार्थीगण के अभिभाषक का कथन है कि जब प्रार्थीगण अपने प्रा0 पत्र को आगे चलाना नही चाहते है तो प्रार्थीगण का मुन्तकिली प्रा0 पत्र खारिज किया जावे।

मैने दोनो पक्षो के अभिभाषकगण के तर्को पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि प्रार्थीगण ने यायालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट, श्रीकरनपुर में लंबित फौजदारी प्रकरण सं0 8/2013 अनवानी स्टेट बनाम कालूराम आदि धारा 145 द.प्र.स. में निष्पक्ष न्याय न मिलने की संभावना व्यक्त कर अन्यत्र सक्ष्म न्यायालय में मुन्तकिल करवाने के लिए यह मुन्तकिली प्रा0 पत्र पेश किया गया है चूंकि अब प्रार्थीगण मुन्तकिली प्रा0 पत्र पर कोई कार्यवाही नही चाहते है अर्थात नॉट प्रैस किया है। इसलिए प्रार्थीगण का यह मुन्तकिली प्रा0 पत्र इसी आधार पर खारिज किया जाता है। आदेश की प्रति उपखण्ड मजिस्ट्रेट, श्रीकरनपुर को पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफतर हो।

1870
28.10.17

यह आदेश आज दिनांक 11.10.2017 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(ज्ञाना राम)
जिला मजिस्ट्रेट
श्रीगंगानगर

जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर